## एक नजर में

### आईटीआई में प्रवेश हेतु च्वाइस फिलिंग 29 तक

**राजगढ़ 24 अगस्त, का.** प्रभारी संस्था प्राचार्य, शासकीय आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, एमव्ही संतोष कुमार ने बताया कि जिले में संचालित 06 शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में संस्था स्तर पर विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश हेतु पंजीयन एवं च्वाइस फिलिंग की प्रक्रिया 25 से 29 अगस्त 2026 तक की जाएगी . उन्होंने बताया कि वेल्डर, मैकेनिक डीजल, कोपा, फिटर, इलेक्ट्रीशियन, मोटर मैकेनिक, आर .ए .सी ., स्टेनोग्राफी हिन्दी, सोलर टेक्नीशियन, मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल एवं डेयरी साइंस सहित विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश के लिए 8वीं एवं 10 वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है . युवाओं के लिए एक वर्षीय एवं दो वर्षीय पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों के विरुद्ध प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी डीएसडी पोर्टल के माध्यम से अथवा नजदीकी शासकीय आईटीआई में जाकर पंजीयन एवं च्वाइस फिलिंग कर सकते हैं . महिलाओं के लिए प्रवेश में 35 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गई हैं .



### डिप्टी डायरेक्टर ने किया बुनकर समितियों का निरीक्षण

**पड़ाना 24 अगस्त, सं.** भारत सरकार वस्त्र मंत्रालय, बुनकर सेवा केन्द्र इन्दौर के डिप्टी डायरेक्टर पवन कुमार गुप्ता ने सारंगपुर मालवांचल संस्था एवं पड़ाना की बुनकर समिति, स्वयं सहायता समूह की हथकरघा इकाइयों का निरीक्षण किया . निरीक्षण दल में जिला हथकरघा कार्यालय सारंगपुर के सहायक संचालक यू .वी . भेसारे और बालकृष्ण कोकड़िया भी मौजूद रहे . निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बुनकरों को भारत सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। डिप्टी डायरेक्टर पवन कुमार गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र के प्रत्येक बुनकर को सौर ऊर्जा से संचालित सोलर प्लांट यूनिट पर 90 प्रतिशत अनुदान भारत सरकार द्वारा दिया जाएगा, जबकि 10 प्रतिशत अंशदान बुनकर को स्वयं वहन करना होगा . इस अवसर पर सनशाइन बुनकर सहकारी समिति के अध्यक्ष मोहम्मद नवाब अंसारी ने बुनकरों के सामने आ रही समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया . उन्होंने हथकरघा एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने तथा बुनकर समितियों के लिए रंगाई घर के निर्माण की मांग रखी .

### 94 श्रमिक परिवारों को 2.18 करोड़ रुपये दिए

**राजगढ़ 24 अगस्त, का.** जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत प्रदेश के 19 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों को 203 करोड़ रुपये का हितलाभ सिंगल क्लिक के माध्यम से वितरित किया गया . इसी क्रम में राजगढ़ जिले के 94 हितग्राहियों को 2 करोड़ 18 लाख रुपये का हितलाभ प्रदान किया गया . हितलाभ की राशि मुख्यमंत्री डॉ . यादव द्वारा हितग्राहियों के बैंक खातों में सीधे हस्तांतरित की गई . जिले के समस्त नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों के साथ जिला स्तरीय कार्यक्रम एनआईसी कक्ष, कलेक्ट्रेट राजगढ़ में आयोजित किया गया .







# आखिरी सोमवार शाही पालकियों में निकले महादेव

## नरसिंहगढ़ और सारंगपुर में विशाल शाही सवारी निकली, श्रद्धा से निकली बाबा बैजनाथ, वटकेश्वर की शाही सवारी

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 24 अगस्त, सं. सावन मास के अंतिम सोमवार को नगर में धार्मिक उल्लास और भक्ति का माहौल रहा। परंपरानुसार बाबा बैजनाथ बड़ा महादेव की शाही सवारी सोमवार को धूमधाम और भक्तिभाव के साथ नगर भ्रमण पर निकली. दोपहर 11 बजे बड़ा महादेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बाद पालकी यात्रा का शुभारंभ हुआ. शाही सवारी नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः बड़ा महादेव मंदिर पहुंची, जहां बाबा की महाआरती की गई.**

शाही सवारी के दौरान पूरा नगर 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों से गूंज उठा. श्रद्धालु मार्ग में पुष्प बिछाते हुए बाबा की पालकी के साथ चलते रहे. शाही सवारी में विधायक मोहन शर्मा, लोकेंद्र वर्मा, मंजुलता शिवहरे, शिव वैध, भरत झंवर, रमेश मालवीय सहित जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, समाजबंधु और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु सवारी में पहुंचे.

**ओमकार सेवा मंडल ने लगाया भंडारा**-शाही सवारी के अवसर पर स्वयंसेवी संस्थाओं एवं समाजबंधुओं ने शीतलपेय व प्रसादी वितरित कर पालकी यात्रा का स्वागत किया. सावन के अंतिम सोमवार को बड़ा महादेव, छोटा महादेव, पशुपतिनाथ जल मंदिर, गुप्तेश्वर, खजूर पानी, नादिया पानी एवं कोदू पानी स्थित शिव मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही. श्रद्धालुओं ने शिवलिंग के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की.

**कलेक्टर, एसपी ने लिया जायजा**-इस दौरान जिला कलेक्टर और एसपी ने भी नरसिंहगढ़ पहुंच बाबा बैजनाथ के दर्शनों का पुण्य लाभ लिया वहीं उन्होंने मेले का जायजा लिया.





ओमकार सेवा मंडल की ओर से बलवटपुरा चौराहे पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया. नागरिकों,

### बाबा वटकेश्वर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया, 100 से ज्यादा स्थानों पर स्वागत

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 24 अगस्त, सं.** सावन के चौथे सोमवार महादेव मित्र मंडल के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी भगवान भूतभावन बाबा वटकेश्वर महादेव की भव्य शाही सावन सवारी निकाली गई. शाही ठाट-बाट के साथ निकली बाबा की सवारी में हजारों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भगवान महादेव के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया. वटकेश्वर महादेव मंदिर, गांधी चौक से बाबा महाकाल महाराज की पालकी का विधिवत पूजन मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल एवं महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश पुष्पद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं ने किया. इसके बाद श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में बाबा की पालकी को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया गया.

सवारी के दौरान बाबा वटकेश्वर महादेव की पालकी को मां कालीसिंध के मथुरा घाट ले जाया गया. यहां विधि-विधान से मां कालीसिंध को चुनरी अर्पित की गई तथा पवित्र जल से बाबा श्री महाकाल महाराज का जलाभिषेक किया गया. सवारी को परंपरागत राजकीय सम्मान भी प्रदान किया गया। 1/4 गार्ड द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर के साथ बाबा महाकाल महाराज को सलामी दी गई. सवारी में भजन मंडलियां, नलखेड़ा की ताशा पार्टी, उज्जैन की बैंड पार्टी, गरबा पार्टी, ढोल पार्टी, कड़ाबिन, आर्यवीर दल कानड़ का बालिका अखाड़ा, आदिनाथ भगवान की झांकी सहित अनेक आकर्षक झांकियां शामिल रहीं. विशेष आकर्षण का केंद्र 500 से अधिक कलश लेकर सुसज्जित वेशभूषा में शामिल हुईं महिलाएं एवं बालिकाएं रहीं.

यात्रा मार्ग में फुलमाली समाज, जैन समाज, नगर पालिका,सद्भावना मंच, वाल्मीकि समाज, महाराणा प्रताप राजपूत समाज, अखिलेश राठी मित्र मंडल, सामाजिक कार्यकर्ता एस के आग्रवाल, व्यापारी एसोसिएशन, प्रभु मित्र मंडल, साईं सेवा समिति परिवार, राठौर समाज सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, समितियों एवं आम नागरिकों द्वारा 100 से अधिक स्वागत मंच बनाए गए थे.

मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने बताया सवारी का धार्मिक महात्म्य

मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने बाबा महाकाल की सावन सवारी के धार्मिक महात्म्य को विशेष बताते हुए कहा कि सावन का महीना भगवान शिव की आराधना का पावन पर्व है. बाबा महाकाल की सवारी केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि श्रद्धा, आस्था, परंपरा और जन-जन के भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक है. इस अवसर पर कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश पुष्पद, मुक्ति धाम सेवा समिति अध्यक्ष अनिल बारकिया, अनिल जैन, नरेन्द्र जैन कमलेश टेटवाल, विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल, माली समाज अध्यक्ष शिव नारायण काका, पूर्व पार्षद सतीश गिरजे सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे.

## श्याम खो मंदिर सीसी रोड का मंत्री पंवार ने किया लोकार्पण



नवभारत न्यूज

**सुठालिया 24 अगस्त, सं.** क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं और अधोसंरचना के विस्तार की दिशा में सोमवार को राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार ने सुठालिया एवं ब्यावरा में लगभग 1 करोड़ 42 लाख की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया. इन कार्यों से क्षेत्रवासियों को सामुदायिक सुविधाओं, कृषि अधोसंरचना एवं धार्मिक स्थलों तक सुगम आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी. सुठालिया के परलापुरा क्षेत्र में मंत्री पंवार ने 17 लाख की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया. सामुदायिक भवन के निर्माण से क्षेत्रवासियों को सामाजिक, धार्मिक एवं सामुदायिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी वहीं सुठालिया स्थित प्रसिद्ध श्याम खो महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए 47 लाख की लागत से निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण मंत्री नारायण सिंह पंवार ने किया. कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बद्रीलाल यादव, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश गुर्जर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंदर सिंह लववंशी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरराज लोधी, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह परमार,पार्षद आकाश अग्रवाल मोन्टी, मोर सिंह कुशवाह दुल्ला शाह डॉ अजीज कुरैशी नारायण सिंह सालरियाखेड़ी, मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह चौहान, जयेंद्र गुर्जर, महेश पालीवाल, अशोक अग्रवाल, ओम पालीवाल, राकेश शिवहरे, सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे.

## सार्थक ऐप पर अटेंडेंस नहीं लगाई, दो को निलंबित किया

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 24 अगस्त, का.** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई. बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता करते हुए सीएम हेल्पलाइन, सार्थक अटेंडेंस, मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान सहित विभिन्न विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की. पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कलेक्ट्रेट में नई पहल की गई है. बैठक हॉल में अब प्लास्टिक की पानी की बोतलों के स्थान पर स्टील की बोतलों में पानी उपलब्ध कराया जा रहा है. मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत राजगढ़ भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में जिले को प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है. कलेक्टर ने इस उपलब्धि पर संबंधित अधिकारियों की सराहना करते हुए शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. राजस्व विभाग द्वारा सीएम हेल्पलाइन में 'ए' ग्रेड प्राप्त किए जाने पर कलेक्टर ने विभाग के अधिकारियों की सराहना की तथा अन्य विभागों को भी इसी प्रकार प्रभावी ढंग से शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए.

सीएम हेल्पलाइन निराकरण में बॉटम पांच में रहने वाले श्री दिनेश श्रीवार, कृषि विस्तार अधिकारी/एसएडीओ श्री राजेश राजपूत, एसडीओ पीडब्ल्यूडी श्री हर्षित चौधरी, ऊर्जा विभाग श्री अजीत भूमरकर एवं श्री उमेश मिश्रा के विरुद्ध प्रति अधिकारी तीन हजार रुपये की शास्ति अधिरोपित करने के निर्देश दिए गए. सार्थक अटेंडेंस दर्ज नहीं करने पर भृत्य मनोज केवट, तथा सहायक ग्रेड-3 अमन धुर्वे को निलंबित करने के निर्देश दिए गए. वहीं नाजिर, नरसिंहगढ़ श्री पवन विश्वकर्मा द्वारा सार्थक एप्प पर अटेंडेंस दर्ज नहीं किए जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए

### बोड़ा में निकाली विशाल कावड़ यात्रा

**बोड़ा 24 अगस्त, सं.** श्रावण सोमवार के उपलक्ष्य में नगर में विशाल कावड़ यात्रा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी धूमधाम से निकाली गई. भक्तों द्वारा 40 किलोमीटर दूर मां पार्वती से जल भरकर लाया गया और भोलेनाथ को अर्पित किया गया. सावन के चौथे सोमवार संख्या में शिव भक्तों द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया गया. डीजे और गाजे बाजे के साथ सैंकडों की संख्या में श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए. स्थान स्थान पर स्वागत किया गया.

## अंतिम सोमवार अंचल के शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

**सुठालिया 24 अगस्त, सं.** सावन मास के अंतिम सोमवार नगर सहित आसपास के शिवालयों में भक्तों की आवजाही रही इस दौरान शिव मंदिरों में ओम नमः शिवाय के जप गूंजते रहे यह सिलसिला सुबह से शुरु हुआ जो देर शाम चला. सावन सोमवार पर नगर सहित आसपास के क्षेत्र में स्थित शिव मंदिरों पर भक्तों का तांता लगा रहा. सावन मास के चौथे एवं अंतिम सोमवार को नगर से 13 किमी दूर स्थित दशो दिशा दृष्टा भूतभावन पशुपतिनाथ मंदिर प्राचीन श्याम खो महादेव मंदिर बालकेश्वर महादेव मंदिर राजनाथ योगाश्रम पाठशाला मंदिर सदर बाजार स्थित नवीन शिवालय मंदिर महावीर आश्रम बड़ा बाग स्थित शिवालय एवं मधुसूदनगढ़ रोड पर स्थित मां सुंदरमयी वैष्णो देवी धाम के शिवालय पर भी भक्तों की भीड़ उमड़ी. आसपास के श्रद्धालु भक्त बड़ी संख्या में सावन सोमवार पर पहुंचें. सावन मास में शिव मंदिरों में वैसे तो प्रतिदिन भक्तों का आना जाना लगा रहता है लेकिन सोमवार का दिन श्रावण माह महत्वपूर्ण माना जाता है. सावन सोमवार को भगवान शिव के दर्शन करने पर हर मनोकामना पूर्ण होती है. सोमवार को शिव मंदिरों में खास करके महिलाएं युवतियां बेलपत्र जल चंदन आक धतुरा पुष्प आदि चढ़ाकर भूतभावन भगवान भोलेनाथ से अपनी मनोकामना पूर्ण करने हेतु प्रार्थना करती है.

## ब्लॉक इंका अध्यक्ष राहुल दांगी को पार्टी से निकाला

### मामला गुना की होटल में युवतियों संग पकड़ाए जाने का

नवभारत न्यूज



**ब्यावरा 24 अगस्त, का.** गुना जिले के चांचौड़ा क्षेत्र में निजी होटल में तीन जोड़ों के पकड़े जाने के मामले में ब्यावरा के कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राहुल दांगी पर पार्टी ने कार्रवाई की है. पुलिस की कार्रवाई के बाद सोमवार को कांग्रेस ने राहुल दांगी को ब्लॉक अध्यक्ष पद से हटा दिया और प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया. यह कार्रवाई प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर की गई.

पुलिस ने शनिवार शाम चांचौड़ा के मनोहरथाना रोड स्थित होटल राज पैलेस में दबिश देकर तीन युवकों और तीन युवतियों को पकड़ा था. पुलिस के मुताबिक, तीनों जोड़े होटल के कमरों में आपत्तिजनक स्थिति में मिले थे. कार्रवाई के दौरान होटल मैनेजर को भी हिरासत में लिया गया था, जबकि होटल संचालक की भूमिका की जांच की जा रही है.

पुलिस के अनुसार, शनिवार शाम करीब 4 बजे सूचना मिली थी कि होटल राज पैलेस में अनैतिक गतिविधियां चल रही हैं. सूचना पर पुलिस टीम ने होटल में दबिश दी. कमरों की जांच के दौरान तीन जोड़े मिले. कार्रवाई के बाद पुलिस ने युवतियों के परिजनों को मौके पर बुलाया. परिजनों ने किसी तरह की कानूनी कार्रवाई या शिकायत करने से इनकार कर दिया. इसके बाद पुलिस ने जरूरी पूछताछ और समझाइश के बाद युवतियों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया.

पुलिस कार्रवाई में राहुल दांगी (30), निवासी ब्यावरा, उमाकांत पुरी, निवासी गुना और इंद्र सिंह मेहर (22), निवासी बीनागंज को पकड़ा गया. इनमें राहुल दांगी ब्यावरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष थे. युवतियों की ओर से शिकायत नहीं मिलने पर पुलिस ने तीनों युवकों और होटल मैनेजर हर्षवर्धन राजपूत के खिलाफ शांतिभंग की धाराओं में कार्रवाई की. सभी को तहसीलदार के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें जमानत मिल गई. राहुल दांगी को भी जमानत मिल गई.

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि होटल मैनेजर हर्षवर्धन राजपूत ने ठहरने वाले लोगों से पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं लिए थे. पुलिस ने इस लापरवाही को भी जांच में शामिल किया और मैनेजर को मामले में आरोपी बनाया. पुलिस ने होटल के सीसीटीवी फुटेज भी जब्त किए हैं. होटल संचालक गजराज सिंह मीना की भूमिका की जांच की जा रही है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है.


**लापरवाही** ▶ घंटों इंतजार के बाद भी नहीं आई 108 एंबुलेंस, निजी वाहन से अस्पताल लेकर गए परिजन

# फिर से हादसा : पहली मंजिल से गिरा मजदूर, रेफर

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 24 अगस्त, का. निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज में सोमवार सुबह एक मजदूर पहली मंजिल से गिर गया. 24 वर्षीय अनिल मेघवाल के सिर में गंभीर चोट आई है. अनिल को जिला अस्पताल लाया गया. यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे झालावाड़ रेफर किया गया. परिजनों का कहना है कि करीब डेढ़ घंटे तक 108 एंबुलेंस नहीं मिली. इसके बाद वे निजी वाहन से अनिल को हायर सेंटर ले गए.**

महेशपुरा (बकानी) निवासी अनिल पिता रामबिलास मेघवाल मेडिकल कॉलेज निर्माण स्थल पर काम कर रहा था. सोमवार सुबह वह पहली मंजिल पर काम कर रहा था. इसी दौरान वह नीचे गिर गया. उसके सिर में गंभीर चोट आई. साथी मजदूर और परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे.



बताया जा रहा है कि हादसे के समय अनिल ने हेलमेट नहीं पहना था. उसके पास अन्य सुरक्षा उपकरण भी नहीं थे. इस हादसे के बाद निर्माण स्थल पर मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे हैं.

**पहले भी हो चुके हैं हादसे**-मेडिकल कॉलेज निर्माण स्थल पर यह पहला हादसा नहीं है. पिछले साल चौथी मंजिल से गिरने से एक मजदूर की मौत हुई थी. इसके अलावा अलग-अलग घटनाओं में 3 अन्य मजदूर भी घायल हुए थे. इन घटनाओं के बाद निर्माण स्थल पर सुरक्षा इंतजामों को लेकर सवाल उठ रहे हैं. गंभीर हालत में अनिल को झालावाड़ ले जाने की जरूरत थी. परिजन करीब डेढ़ घंटे तक 108 एंबुलेंस का इंतजार करते रहे. एंबुलेंस नहीं मिलने पर परिजन निजी वाहन से उसे हायर सेंटर लेकर गए. इस देरी को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं.



### ब्यावरा में 12 पोल से कंडक्टर तार चोरी, 4 खंभे तोड़े

**ब्यावरा 24 अगस्त, का.** क्षेत्र में चोरों ने बिजली कंपनी को बड़ा नुकसान पहुंचाया. आरोपियों ने 12 बिजली पोल से कंडक्टर तार काटकर चोरी कर लिया. तार निकालने के दौरान चार बिजली खंभों को भी तोड़ दिया गया. घटना से बिजली कंपनी को 3 लाख रुपये से अधिक का नुकसान बताया जा रहा है. मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और उससे पूछताछ कर अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है. पुलिस चोरी गए तार और घटना में इस्तेमाल सामान की भी जांच कर रही है.